Date :- 30-12-2024

Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

मेट्रो प्रोजेक्टः लाइन-1 और 2 का सिविल वर्क जून 2025 में पूरा करने का है लक्ष्य

अलथान मेट्रो स्टेशन पर प्लेटफॉर्म बनाने का काम शुरू हुआ, भीमराड से ड्रीम सिटी तक गर्डर लॉन्चिंग भी पूरी

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो लाइन-1 का काम इन दिनों तेज रफ्तार से चल रहा है। ड्रीम सिटी से कादरशाह की नाल के बीच 11 किमी एलिवेटेड प्रायोरिटी कॉरिडोर में गर्डर लॉन्च का काम चल रहा है। इसके अलावा स्टेशन बनाने का काम भी शुरू हो गया है। अलथान-भटार कम्युनिटी सेंटर मेट्रो रेल स्टेशन की इमारत का स्ट्रक्चर तैयार हो गया है। अब यहां रेल लेवल पर प्लेटफार्म बनाने का काम शुरू किया गया है। यहां कॉनकोर्स लेवल का स्ट्रक्चर भी बन गया है।

वहीं, लाइन-1 में ही भीमराड से ड्रीम सिटी सेक्शन पर एलिवेटेड गर्डर लॉन्चिंग भी पूरी हो गई है। अब मेट्रो का एलिवेटेड मार्ग स्पष्ट दिखाई देने लगा है। उल्लेखनीय है कि सूरत मेट्रो रेल प्रशासन की तरफ से लाइन-1 और लाइन-2 का सिविल वर्क अगले साल 2025 जून तक पूरा करने का टारगेट रखा गया है। इसे देखते हुए मेट्रो रेल का का पूरी रफ्तार से चल रहा है। मेट्रो रेल स्टेशन से लेकर एलिवेटेड वायडक्ट तक का काम पूरी जोर शोर से चल रहा है।